बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 176/2022

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 08.10.2022 तक अवधि विस्तार करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत छात्र/छात्रा का समिति की वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com** पर मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र अपलोड करते हुए दिनांक 15.09.2022 से 25.09.2022 तक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु अवसर प्रदान किया गया था। **छात्रहित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 08.10.2022 तक अवधि विस्तार किया जाता है।** शेष अन्य शर्तें पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 165/2022 के अनुसार यथावत रहेंगी।

2. इस क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि पूर्व में दिये गये अवसरों के बावजूद यदि किसी छात्र/छात्रा के जारी मूल सूचीकरण फार्म में अंकित उनके नाम, माता/पिता के नाम में स्पेलिंग (i.e. A,E,K,M etc), फोटो, जन्म तिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय, परीक्षा का माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) से संबंधित त्रुटि रह गई हो, तो प्रथमतः इसमें संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा समिति के पोर्टल पर ऑनलाईन सुधार किया जाएगा। तत्पश्चात् संशोधित सूचीकरण विवरणी के आधार पर परीक्षा आवेदन भरने की कार्रवाई **दिनांक 08.10.2022 तक** की जाएगी। विदित हो कि छात्र/छात्रा के नाम, माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। भविष्य में यदि यह पाया जाता है कि त्रुटि संशोधन के क्रम में किसी छात्र/छात्रा का पूर्ण पहचान बदल दिया गया है, तो उनका सूचीकरण रद्द किया जा सकता है तथा संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

3. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र/छात्रा जिनका सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है, परन्तु शुल्क शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जमा नहीं किया गया है, तो बकाया सूचीकरण शुल्क की राशि भी **दिनांक 08.10.2022 तक** जमा कर दें, अन्यथा उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं भी किया जा सकता है, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

4. यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जाएगा। जिन +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों की मान्यता/सम्बद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जाएगा।

5. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाईन नं0–0612–2230039** अथवा E-mail ID : **reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)

SKYLIGHT STUDY

प्रभात खबर
Mon, 26 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/